(ख) क्या यह भी सच है कि दिल्ली के प्रशासनिक ढांचे के संबंध में अंतिम निर्णय भी लिया जा चुका है;

(ग) यदि हां, तो यह निर्णय कब लिया गया था ;

(घ) दिल्ली के नागरिकों को स्थानीय प्रशासन हेतु अपने प्रतिनिधियों को चुनने के अधिकार से वंचित किये जाने के क्या कारण हैं; और

(ङ) सरकार दिल्ली विधान सभा और स्थानीय निकायों के चुनाव कब तक कराने का विचार रखती है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) : (क) पिछले कुछ समय से दिल्ली नगर निगम और नई दिल्ली नगर पालिका के चुनाव नहीं हुए हैं।

(ख) और (ग) संसद ने दिसम्बर, 1991 में आवश्यक विधायन पहले ही पारित कर दिया है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के लिए विधान सभा और मंत्री परिषद् का प्रावधान है।

(घ) दिल्ली नगर निगम के लिए चुनाव कराने के प्रश्न पर इसके पुनर्गठन के बाद विचार किया जाएगा। आवश्यक विधायन लोक सभा के समक्ष है।

(ङ) अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

Corruption in Tihar Jail

1125. SHRI RAJNI RANJAN SAHU : Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the wealthy prisoners in Tihar Jail, Delhi buy their way to hospitals;

(b) Whether Government have ordered any inquiry into this matter;

(c) if so, the outcome of the same; and

(d) if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB) : (a) Delhi Administration has reported that prisoners are referred to outside hospitals on the prescription of the Jail doctors irrespective of the category and status of the prisoners.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise in view of (b) above.

(d) Does not arise in view of (a) above.

सांप्रदायिक तनाव के बारे में आसूचना ब्यूरो की सूचना

1126. श्री अनन्त राम जायसवाल :
श्री सत्य प्रकाश मालवीय :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है आसूचना ब्यूरो ने केन्द्रीय सरकार को अयोध्या मुद्दे पर सरकार और विश्व हिन्दू परिषद् के मध्य टकराव के कारण उत्तर प्रदेश और बिहार में सांप्रदायिक तनाव में वृद्धि के बारे में सूचित किया है :

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस स्थिति से निपटने हेतु सरकार द्वारा की गई तैयारियों का ब्यौरा क्या है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) : (क) से (ग) आसूचना एजेंसियों द्वारा सरकार को प्रस्तुत की गई सूचना को बताना जनहित में नहीं होगा। जनव्यवस्था बनाए रखना प्राथमिक रूप से राज्य सरकारों की जिम्मेवारी है। जब कभी अपेक्षित होता है केन्द्र आवश्यक मदद देता है।